web : www.nyaysakshi.com ‖ पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल ‖ पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

SJU Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, गुरूवार 09 मई 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक-216

# पति को बंधक बनाकर पत्नी से गैंगरेप, तीन आरोपी गिरफ्तार



जयपुर (आरएनएस)। राजस्थान के अलवर में गैंगरेप की घटना ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। अलवर के थानागाजी इलाके में एक महिला से उसके पति के सामने 3 घंटे तक बलात्कार किया गया और पूरी घटना की विडियो रिकॉर्डिंग भी कई गई। विरोध करने पर आरोपियों ने महिला और उसके पति को पीटा भी। महिला अपने पति के साथ बाजार तक शॉपिंग करने गई थी। पूरी घटना का विडियो बनाने के बाद आरोपियों ने रेप पीड़िता को ब्लैकमेल करना भी शुरू कर दिया। पुलिस के अनुसार, गैंगरेप में शामिल सभी आरोपी ट्रक ड्राइवर या हेल्पर हैं। रेप पीड़िता ने बताया कि उसने आरोपियों को जितना रोका, उन्होंने उतनी ही दरिंदगी की। पांचों आरोपियों ने तीन घंटे तक कई बार महिला से रेप किया। घटना के बाद पीड़िता को एक आरोपी ने फोन किया और रिकॉर्ड किए गए 11 विडियो लीक ना करने के एवज में पैसों की भी मांग की।

### तीन आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य दो आरोपियों की धर-पकड़ के लिए पुलिस की कई टीमें छापेमारी कर रही हैं। थानागाजी थाने के एसओ को सस्पेंड कर दिया गया है और अलवर के एसपी का ट्रांसफर कर दिया गया है।

### एक आरोपी की हुई पहचान, सभी आरोपी ट्रक ड्राइवर या हेल्पर

गैंगरेप में शामिल एक आरोपी की पहचान ट्रक ड्राइवर इंद्रराज गुर्जर के रूप में हुई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया सभी आरोपियों की उम्र 20-25 के बीच है। शुरुआती जांच में पता चला है कि सभी आरोपी ट्रक ड्राइवर या हेल्पर हैं। पुलिस ने बताया कि मुकेश गुर्जर (20) के नामक एक शख्स को वॉट्सएप पर गैंगरेप का विडियो अपलोड करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

### पीछा कर वारदात को दिया अंजाम

पीड़िता के देवर ने हमारे सहयोगी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया, मेरा भाई जयपुर में काम करता है और भाभी थानागाजी स्थित अपने मायके में रहती हैं। 26 अप्रैल को दोनों शॉपिंग के लिए गए थे। दोनों अपनी बाइक से थे कि तभी दो अन्य बाइक पर सवार पांच युवक उनका पीछा करने लगे। सुनसान इलाका आने पर उन्होंने जबरन बाइक रुकवाई और उसे पास के गड्ढे में गिरा दिया। इसके बाद दोनों को खींचकर रोड के नीचे रेत के टीलों के पीछे ले गए।

### पति को बचाने महिला ने किया सरेंडर

रेत के टीलों के पीछे कपल के कपड़े उतरवाए गए और उसकी विडियो रिकॉर्डिंग की गई। महिला के देवर ने बताया, पांचों लोगों ने मेरे भाई को डंडों से पीटना शुरू कर दिया। भाभी ने भाई को बचाने का प्रयास किया तो उन्होंने दोनों को और ज्यादा पीटा। अपने पति को बचाने के लिए आखिरकार उन्होंने सरेंडर कर दिया। जिसके बाद उन पांचों ने बारी-बारी से उनके साथ दरिंदगी की। यह सब तीन घंटे तक चला। जाते समय उन्होंने दोनों के पास रखे 2000 रुपये भी लूट लिए

### गहरे सदमे में चले गए थे दोनों, तीन दिन बाद परिवार को बताया

उसने आगे बताया, मेरी भाभी ने घटना के बाद बाइक में धक्का लगाया और दोनों उसे ऊपर सड़क पर लेकर आए। दोनों गहरे सदमे में जा चुके थे। उन्होंने हमें तीन दिन बाद इस बारे में बताया। आरोपियों में से एक ने बाद में कपल को फोन कर 9,000 रुपये की फिरौती भी मांगी। पैसे ना देने की सूरत में विडियो वायरल करने की भी धमकी दी। आरोपियों ने सोमवार को सोशल मीडिया पर घटना का एक विडियो वायरल भी कर दिया।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### बस - ट्रक में टक्कर से चार की मौत

छिंदवाड़ा (आरएनएस)। मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में बनगांव के पास आज सुबह एक बस और ट्रक में टक्कर हो जाने के कारण बस में सवार चार बारातियों की मौत हो गयी और तेरह अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार अमरवाड़ा तहसील के पिडरई डबीर गांव की एक बारात चौरई विकासखंड के नीलकंठी परसगांव से वापस लौट रही थी। तभी सुबह यह हादसा हो गया। घायलों को यहां जिला अस्पताल लाया गया है। हादसे के बाद बस और ट्रक चालक भाग निकले।

### त्रिपुरा में 168 केन्द्रों पर 12 मई को दोबारा होगा चुनाव

नई दिल्ली (आरएनएस)। त्रिपुरा पश्चिम लोकसभा सीटों के लिए 168 मतदान केंद्रों पर 12 मई को दोबारा चुनाव कराए जाएंगे। त्रिपुरा पश्चिम लोकसभा सीट पर 11 अप्रैल को मतदान हुआ था। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने इसमें व्यापक हिंसा और धांधली होने का आरोप लगाया था। आयोग ने इस बारे में त्रिपुरा के मुख्य चुनाव अधिकारी तथा अपने पर्यवेक्षकों आदि से रिपोर्ट मांगी थी। उस रिपोर्ट के आधार पर उसने यह फैसला किया। आयोग ने त्रिपुरा के मुख्य चुनाव अधिकारी को मंगलवार को लिखे पत्र में कहा है कि त्रिपुरा के 29 विधानसभा क्षेत्रों के 168 मतदान केंद्रों पर हुआ मतदान रद्द कर वहां 12 मई को फिर से मतदान कराने का निर्णय लिया गया है। मतदान सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होगा।

### योग गुरु ने किया बेडरुम में महिलाओं पर हमला

प्रयागराज (आरएनएस)। प्रयागराज के लेटे हनुमान मंदिर के छोटे महंत योगगुरु आनंद गिरि को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्हें ऑस्ट्रेलिया के रिवरस्टोन में पुलिस ने गिरफ्तार किया। ज्ञात हो कि आनंद गिरि को दो महिलाओं से कथित तौर पर अभद्रता के मामले में गिरफ्तार किया गया है। जबकि सिडनी का ये मामला 2016 का है। 38 साल के आनंद गिरि ने कथित तौर से सिडनी में महिलाओं के ऊपर हमला किया था। प्रार्थना के लिए महिलाओं ने जब उन्हें अपने घर बुलाया था, उसी दौरान घटना घटी। 2016 में 29 साल की एक महिला ने आरोप लगाया था कि उनके घर के बेडरूम में योग गुरु ने हमला किया। जबकि 2018 में 34 साल की महिला ने कहा था कि उनके लाउंज में असॉल्ट किया गया। आनंद गिरि खुद को स्प्रिचुअल लीडर बताते हैं। गिरि सोमवार को ऑस्ट्रेलिया से अन्य देश के लिए उड़ान भरने वाले थे, लेकिन उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। गिरि को देर रात 12.35 बजे अरेस्ट किया गया. खबरों के मुताबिक, कोर्ट ने उनकी जमानत की अर्जी खारिज कर दी और उन्हें 26 जून तक जेल में रहना होगा।

### बड़े हादसे का शिकार होने से बचा वायुसेना का विमान

मुंबई (आरएनएस)। महाराष्ट्र के मुंबई एयरपोर्ट पर भारतीय वायुसेना का एएन 32 विमान एक बड़े हादसे का शिकार होने से बचा। मिली जानकारी के अनुसार विमान में उड़ान भरते वक्त कोई तक्नीकी खराबी आ गई, जिसके चलते विमान रन वे से काफी आगे निकल गया। हालांकि इस दौरान कोई जान-मान का नुक्सान नहीं हुआ। एयरफोर्स के अधिकारी दुर्घटना के कारणों की जांच कर रहे हैं। बता दें कि एयरपोर्ट के रनवे संख्या 27 से उड़ान भरते समय विमान मंगलवार रात 11 बजकर 39 मिनट पर एयरपोर्ट को पार कर गया। जिसके बाद से रनवे संख्या 27 को विमानों के परिचालन के लिए बंद कर दिया गया।

### श्रीलंका पर्यटकों के लिए सुरक्षित : सिरिसेना

कोलंबो । श्रीलंका के राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरिसेना ने 21 अप्रैल को ईस्टर के दिन हुए सिलसिलेवार विस्फोटों के बाद दूसरे देशों की ओर से अपने नागरिकों पर श्रीलंका की यात्रा के लिए लगाये गये प्रतिबंध को हटाने की अपील करते हुए कहा है कि दक्षिण एशियाई द्वीप में राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित कर दी गयी है और अब यहां की यात्रा करने में कोई खतरा नहीं है।

## ईवीएम बरामद होने के मामले में चुनाव अधिकारी को नोटिस



मुजफ्फरपुर (आरएनएस)। बिहार के पांचवें चरण के लोकसभा चुनाव में सोमवार की शाम मुजफ्फरपुर के एक विवाह भवन से छह ईवीएम मिलने के मामले में जांच के आदेश दिए गए हैं तथा क्षेत्रीय दंडाधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। मुजफ्फरपुर के जिला अधिकारी आलोक रंजन घोष ने मंगलवार को बताया कि मुजफ्फरपुर में 6 मई को मतदान के बाद एक विवाह भवन से मशीनें बरामद की गई थीं। उन्होंने बताया कि बरामद सभी मशीनों को सुरक्षित (रिजर्व) के तौर पर रखा गया था, जिन्हें किसी भी खराब मशीनों को बदलने की आवश्यकता होने पर इस्तेमाल किया जाना था।

घोष ने बताया, क्षेत्रीय अधिकारी को कुछ आरक्षित मशीनें मतदान केंद्रों पर मशीन के खराब होने की स्थिति में बदलने के लिए दी गई थीं। उन मशीनों को कहीं ले जाना नियमों के विरुद्ध हैं।

उन्होंने कहा कि दंडाधिकारी के वाहन चालक ने पास के ही मतदान केंद्र पर जाकर अपने मतदान की इच्छा जताई थी। जिसके बाद दंडाधिकारी विवाह मंडप के पास ईवीएम मशीन को लेकर उतर गए। इसी दौरान कुछ लोगों को इसकी जानकारी मिल गई और वहां हंगामा करने लगे।

घोष ने बताया कि क्षेत्रीय अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि सोमवार को बिहार की पांच लोकसभा सीटों मुजफ्फरपुर, मधुबनी, सारण, हाजीपुर और सीतामढ़ी में मतदान हुआ है। मतों की गिनती 23 मई को होगी।

## गैस सिलेण्डर फटने से मां-बेटी की मौत, 17 घर जलकर हुए राख




बहराइच (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के नेपाल सीमा से सटे मुर्तिहा कोतवाली क्षेत्र में विवाह समरोह में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर फटने से लगी आग में एक महिला और उसकी बेटी की झुलसकर मृत्यु हो गई जबकि गांव में आग फैलने से 17 घर जलकर राख हो गए।

पुलिस के मुताबिक भारत-नेतपाल से सटे मुर्तिहा कोतवाली क्षेत्र के सलारपुर गांव में मंगलवार को लक्ष्मण प्रसाद की बेटी का विवाह था। बरातियों के लिए खाना बनाया जा रहा था । अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे अचानक सिलेंडर से गैस रिसाव हो गया और उसमें आग लग गई। उन्होंने बताया कि आग पर काबू पाने के पहले ही सिलेण्डर फट गया और पंडाल में आग लग गई।

आरएनएस के अनुसार इस हादसे में वहां मौजूद सुरेश की 40 वर्षीय पत्नी मुन्नी देवी और उसकी 12 वर्षीय बेटी करिश्मा गंभीर रूप से झुलस गईं। अस्पताल ले जाने के पहले ही दोनों की मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि तेज हवा के चलते आग गांव में फैल गई ,इससे 17 घर जल गए। सूचना पर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) कैंप मुर्तिहा प्रभारी अभिषेक कुमार जवानों के साथ आग बुझाने में जुट गए । इस बीच नेपाल के गुलरिहा से फायर ब्रिगेड वाहन पहुंचा और दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई।

## विदेशी संपत्ति और मनी लॉन्ड्रिंग में फंसा भतीजा

### » चुनाव से पहले पवन बंसल को बड़ा झटका



नई दिल्ली (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले पूर्व रेल मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता पवन बंसल को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी संपत्ति रखने और मनी लॉन्ड्रिंग के दो अलग-अलग मामलों में बड़ी कार्रवाई की है, जिसमें से एक मामले में चंडीगढ़ लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार पवन बंसल के भतीजे का भी नाम सामने आ रहा है। ईडी ने बंसल के भतीजे से कथित रिश्वत से जुड़े एक मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में पीएमएलए के तहत 89.68 लाख रुपये अटैच किए हैं।

ईडी ने एक दूसरे मामले में विदेशी संपत्ति रखने को लेकर हरीश गहलोत नामक व्यक्ति पर कार्रवाई की है। प्रवर्तन निदेशालय ने यूएई में 1.46 करोड़ रुपये की विदेशी संपत्ति रखने के लिए फेमा (विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम 1999) की धारा 37ए के तहत गहलोत की 1.46 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है।

## सुप्रीम कोर्ट ने मोदी-शाह के खिलाफ याचिका खारिज की



नई दिल्ली (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव के दौरान पीएम मोदी और अमित शाह पर आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई बंद कर दी है। उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ में चुनावी रैली के दौरान पीएम मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को भ्रष्टाचारी नंबर-1 कहा था। इस मामले में कांग्रेस ने चुनाव आयोग से शिकायत की, लेकिन श्‍ष्ट ने पीएम मोदी को क्लीन चिट् दे दी है। आयोग का मानना है कि इस मामले में किसी भी तरह आचार संहिता का उल्लंघन नहीं है। इसे शाब्दिक उल्लंघन की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता है। इस याचिका को कांग्रेस की सुष्मिता देव ने दाखिल किया था।

अदालत का कहना है कि चुनाव आयोग ने इस मामले में फैसला कर दिया है इसलिए याचिका बेअसर होती है और खारिज कर दी जाती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अगर आपको चुनाव आयोग के फैसले पर आपत्ति है तो नई याचिका दायर की जा सकती है। चुनाव आयोग ने अपने जवाब में कहा था कि हमारे पास जो शिकायत आई थी वह कांग्रेस के नाम से आई थी, ना कि सुष्मिता देव के नाम से। हलफनामे में कहा गया है कि पीएम मोदी और अमित शाह जो बयान दे रहे हैं वो जनप्रतिधित्व अधिनियम के तहत करप्ट प्रैक्टिस के तौर पर हैं। हलफनामे में चुनाव आयोग द्वारा दोनों के खिलाफ शिकायतों पर लिए गए फैसले को रिकार्ड पर लाया गया है। हलफनामे में कहा गया कि कई मामलों में बिना कारण बताए पीएम को क्लीन चिट दी गई। अमित शाह के खिलाफ भी कार्रवाई नहीं की गई। जबकि इसी तरह के भाषण देने पर मायावती, योगी आदित्यनाथ, प्रज्ञा ठाकुर, मेनका गांधी पर कार्रवाई की गई। ये प्राकृतिक न्याय के खिलाफ है।

असम की सिलचर से लोकसभा सांसद और भारतीय महिला कांग्रेस की चीफ देव ने कहा कि जिस तरह निर्वाचन आयोग ने गूढ़ तरीके से आदेश दिया, वह साफ तौर पर कोर्ट द्वारा तय कानून का उल्लंघन है।

## डोली वाली कार से दुल्हन किडनैप, दूल्हे से मारपीट



उदयपुर (आरएनएस)। राजस्थान में सीकर जिले के बाद उदयपुर जिले में भी विदाई के बाद दुल्हन का अपहरण कर लेने की घटना सामने आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उदयपुर जिले के तीतरड़ी क्षेत्र में सोमवार रात को शादी के बाद आज सुबह विदाई के बाद दुल्हन चिंतामणि की घाटी स्थित अपने ससुराल जा रही थी कि कार में आये अज्ञात बदमाशों ने सवीना फाटक के पास उनकी कार के आगे अपनी कार लगाकर रोक लिया और दूल्हे के साथ मारपीट कर दुल्हन को लेकर फरार हो गये। हिरणमगरी थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपियों को पकडऩे के लिए नाकाबंदी कराई।

दूल्हे के घटना के आरोपियों के बारे में पुलिस को बताने पर पुलिस संदिग्ध आरोपी एक युवक के परिजनों से पूछताछ करने पहुंची तो वहां लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। तनाव के मद्देनजर मौके पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करना पड़ा। इस मामले में पूछताछ के लिए कुछ लोगों को थाने लाया गया है और पुलिस आरोपियों तक पहुंचने के प्रयास कर रही है। दूल्हे और दुल्हन के परिजनों की ओर से इस मामले में पिंकेश जीनगर नाम के युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है. इसमें उन्होंने साफ किया कि इस वारदात को अंजाम देने वाला पिंकेश और उसके मित्र हैं।उल्लेखनीय है कि गत सोलह अप्रैल को सीकर जिले में भी एक दुल्हन का अपहरण कर लिया गया था। बाद में उसे देहरादून से बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

## दिनकर की कविता के साथ प्रियंका का पीएम मोदी पर हमला

### » मेरे शहीद पिता का अपमान किया है



अंबाला (आरएनएस)। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को भ्रष्टाचारी नंबर एक कहने पर कांग्रेस पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ हमलावर हो गई है। राजीव गांधी की बेटी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने अब पीएम मोदी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। प्रियंका गांधी ने हरियाणा के अंबाला में रैली के दौरान अप्रत्यक्ष रूप से पीएम मोदी की तुलना दुर्योधन से करते हुए राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की कविता का जिक्र किया। वहीं, दुर्योधन से पीएम मोदी की तुलना पर बीजेपी ने भी पलटवार किया है। पश्चिम बंगाल की रैली में बीजेपी चीफ अमित शाह ने कहा कि प्रियंका ने मोदी की तुलना दुर्योधन से की। दुर्योधन कौन है और अर्जुन कौन है, 23 मई (काउंटिंग) को साबित हो जाएगा। प्रियंका गांधी ने कहा, चुनाव के प्रचार में बीजेपी के नेता कभी ये नहीं कहते कि उन्होंने जो वादे किए थे, वे पूरे किए या नहीं। कभी शहीदों के नाम पर वोट मांगते हैं, तो कभी मेरे परिवार के शहीद सदस्यों का अपमान करते हैं। उन्होंने मेरे शहीद पिता का अपमान किया है। उन्होंने आगे कहा कि यह चुनाव किसी एक परिवार के बारे में नहीं है, ये उन सभी परिवार के बारे में हैं जिनकी उम्मीदें और आशाएं इस प्रधानमंत्री ने पूरी तरह तोड़ दी है।

प्रियंका ने कहा, देश का ध्यान भटकाने की कोशिश की जा रही है लेकिन देश ने कभी अहंकार करने वाले को माफ नहीं किया है। इतिहास इसका गवाह है, महाभारत में भी जब श्रीकृष्ण दुर्योधन को समझाने गए थे तो दुर्योधन ने उन्हें ही बंदी बनाने की कोशिश की थी। प्रियंका ने इसी पर रामधारी सिंह दिनकर की एक कविता सुनाई, जब नाश मनुज पर छाता है, पहले विवेक मर जाता है, हरि ने भीषण हुंकार किया, अपना स्वरूप-विस्तार किया, डगमग-डगमग दिग्गज डोले, भगवान कुपित होकर बोले-जंजीर बढ़ा कर साध मुझे, हां, हां दुर्योधन! बांध मुझे।

## डेनवर में स्कूल के अंदर फायरिंग, 1 छात्र की मौत, 7 घायल

वाशिंगटन । अमेरिका के पश्चिमी प्रांत कोलोराडो की राजधानी डेनवर के पास एक स्कूल में हुई गोलीबारी में एक 18 वर्षीय छात्र की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। स्थानीय पुलिस ने इसकी पुष्टि की। डगलस काउंटी शेरिफ के कार्यालय के ट्वीट के अनुसार, गोलीबारी की रिपोर्ट मंगलवाल दोपहर 1:53 बजे हुई।

घटना के लगभग पांच घंटों के बाद ट्वीट किया, बेहद दुख के साथ हम इस बात की पुष्टि कर सकते हैं कि एसटीईएम स्कूल में एक छात्र की आज की गोलीबारी की घटना में मौत हो गई। परिवार को तत्काल सूचित कर दिया गया है। डगलस काउंटी कॉरनर जिल रोमैन ने आधिकारिक तौर पर छात्र की शिनाख्त नहीं की है और बताया कि वह एक 18 साल का छात्र है।

डगलस काउंटी के शेरिफ टोनी स्परलॉक ने बताया कि दोपहर दोबजे (स्थानीय समयानुसार) से ठीक पहले दो संदिग्ध स्कूल में दाखिल हुए और स्कूल के काफी अंदर जाकर दो अलग-अलग जगहों पर छात्रों को निशाना बनाया। टोनी ने एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि दोनों संदिग्धों को घटनास्थल पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने गिरफ्तार कर लिया।